सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 288 | इंदौर, मंगलवार 05 मई, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

बंगाल में हलचल तेज...

## 10 मई से पहले होगा नई सरकार का शपथग्रहण!



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में BJP की बड़ी जीत के बाद सरकार गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है. बीजेपी सूत्रों के अनुसार, बंगाल में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 10 मई से पहले हो सकता है, क्योंकि 9 मई को गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती है और इसी कारण इस तारीख को विशेष महत्व दिया जा रहा है. सूत्रों का कहना है कि बंगाल में नई सरकार बनाने की रूपरेखा तैयार करने के लिए बीजेपी के दिग्गज नेताओं की दिल्ली में बड़ी बैठक होगी. इस बैठक में शुभेंदु अधिकारी, समिक भट्टाचार्य, भूपेंद्र यादव, सुनील बंसल, बिप्लब देब और अमित मालवीय शामिल होंगे. ये सभी नेता गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ मिलकर मंत्रिमंडल, राज्य में आगे की राजनीतिक रणनीति पर विस्तृत चर्चा करेंगे. बताया जा रहा है कि ये महत्वपूर्ण बैठक आज देर रात या कल हो सकती है. सूत्रों का ये भी कहना है कि बंगाल की संस्कृति और परंपरा को ध्यान में रखते हुए शपथ ग्रहण की टाइमिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. 9 मई को रवींद्रनाथ टैगोर जयंती होने के कारण ये दिन सरकार की शुरुआत के लिए एक प्रतीकात्मक और बड़ा अवसर हो सकता है.

## चीन: पटाखा फैक्ट्री में जोरदार ब्लास्ट... धमाके के बाद 21 लोगों की मौत, कई घायल



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** चीन की एक पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट होने से 21 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 61 लोग घायल बताए जा रहे हैं. इस घटना के बाद चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं. यह घटना चीन के हुनान प्रांत की बताई जा रही है. विस्फोट के बाद मौके पर फायरफाइटर्स, रेस्क्यू कर्मी और मेडिकल स्टाफ तैनात किए गए. रॉयटर्स के मुताबिक, यह विस्फोट सोमवार शाम को हुआ. वहीं इस घटना के बाद से चीनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर वायरल हो रहे वीडियो में एक बड़े इलाके से घना धुआं उठता दिखाई दे रहा है, जहां इमारतें ढह गई हैं और मलबा बिखरा हुआ है. हालांकि, इन वीडियो के सच होने की पुष्टि अभी तक नहीं की गई है.

● बदला नहीं बदलाव, घुसपैठ और पहली कैबिनेट का फैसला...

# बंगाल में मिली ऐतिहासिक जीत के बाद पीएम मोदी के भाषण की बड़ी बातें

**नई दिल्ली, (एजेंसी) पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीजेपी मुख्यालय से कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए इसे राज्य के लिए नए युग की शुरुआत बताया। उन्होंने कहा कि यह जनादेश भयमुक्त, विकास और विश्वास से भरे बंगाल की ओर एक निर्णायक कदम है। पीएम मोदी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों का जिक्र करते हुए कहा कि अब दशकों का इंतजार खत्म हुआ है और जनता ने उस विजन को साकार करने का अवसर भाजपा को दिया है।**

उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा, युवाओं के लिए रोजगार और विकास को नई गति मिलेगी। साथ ही केंद्र की योजनाओं को तेजी से लागू कर राज्य को प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ाया जाएगा। पीएम मोदी ने इसे कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के अटूट विश्वास की जीत बताते हुए कहा कि अब बंगाल के भाग्य में विकास का नया अध्याय जुड़ चुका है। पढ़िए पीएम मोदी के भाषण के बड़ी बातें-

### 'बंगाल में विकास, सुरक्षा और रोजगार का नया दौर', PM मोदी का बड़ा वादा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'बंगाल के भविष्य की एक ऐसी यात्रा शुरू हो रही है जहां विकास, अटूट विश्वास और नई उम्मीदें कदम से कदम मिलाकर चलेंगी। मैं आज हर बंगालवासी को भरोसा देता हूं, बंगाल के बेहतर भविष्य के लिए, भाजपा दिन-रात एक कर देगी। बंगाल में अब महिलाओं को सुरक्षा का माहौल मिलेगा, युवाओं को रोजगार मिलेगा, पलायन रुकेगा। पहली कैबिनेट में ही आयुष्मान भारत योजना को हरि झंडी दिखाई जाएगी और घुसपैठियों के खिलाफ भी सख्त से सख्त कार्रवाई होगी।'

### 'महिलाओं का आक्रोश झेलना पड़ेगा', सपा पर भड़के पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'जिस समाजवादी पार्टी ने संसद में महिला आरक्षण को रोका है, उसे भी उत्तर प्रदेश की महिलाओं का आक्रोश सहना पड़ेगा। महिला विरोधी समाजवादी पार्टी कुछ भी करके अपने पाप को धूल नहीं पाएगी।' पीएम मोदी ने आगे कहा, 'विकसित भारत के निर्माण का एक और महत्वपूर्ण स्तंभ भारत की नारी शक्ति है। नारी शक्ति अब विकसित भारत के निर्माण में तेजी से आगे बढ़ रही है। लेकिन नारी शक्ति की इस रफ्तार को कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने कुछ दिन पहले रोकने का काम किया है। इन नारी विरोधी दलों ने संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन को पास नहीं होने दिया और इसलिए मैंने कुछ दिन पहले कहा भी था कि महिलाओं के आरक्षण का विरोध करने वाले ऐसा दलों को महिलाओं का आक्रोश झेलना पड़ेगा। आज कांग्रेस, TMC और DMK को बहनों और बेटियों ने सजा दी है, मुझे विश्वास है कि केरलम की बहनें भी अगले चुनावों में कांग्रेस को सबक जरूर सिखाएगी।'



### 'विवाद नहीं विकास चाहिए', PM मोदी ने विभाजन की राजनीति पर साधा निशाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'आज देश का हर राज्य भी एक-दूसरे से लड़कर नहीं, एक-दूसरे के साथ मिलकर आगे बढ़ना चाहता है। इन चुनावों ने इस संदेश को भी बहुत स्पष्ट किया है। बंगाल, तमिलनाडु और केरलम में जिन तीन सरकारों को जनता ने सत्ता से बाहर किया उनकी एक समान पहचान थी, विभाजन की राजनीति। यही उनकी पहचान थी। उनकी राजनीति जोड़ने की नहीं, तोड़ने की थी। कभी भाषा के नाम पर विवाद खड़ा किया गया, कभी खाने-पीने की आदतों को लेकर समाज को बांटने की कोशिशें हुईं, कभी अपने ही देश के लोगों को तक बाहरी कहा गया लेकिन भारत की जनता ने इस राजनीति को साफ जवाब दिया है। देश ने बता दिया है कि उसे विवाद नहीं विकास चाहिए, विभाजन नहीं विश्वास चाहिए।'

### 'जनता का भरोसा खोती गई कांग्रेस', PM मोदी ने उठाए सवाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'कांग्रेस ने देश के करीब-करीब हर राज्य में सरकारें बनाई हैं। आजादी के आंदोलन का जो भाव था, उसका उन्हें लाभ मिला था, उसमें से उपजा हुआ जनादेश था। जैसे-जैसे आजादी के आंदोलन के भावों से आगे निकलकर देश धरातल के कामों पर लौटा, वैसे-वैसे कांग्रेस, जनता का भरोसा खोती चली गई। बीते दशकों में देश ने युवाओं की अनेक पीढ़ियां जोड़ी हैं लेकिन कांग्रेस घटती ही चली गई। कांग्रेस देश की संस्कृति को नहीं समझ पाई, देश की संवेदनाओं को नहीं समझ पाई। कांग्रेस आकांक्षाओं की राजनीति जानती ही नहीं।'

बोले-जहां कार्यकर्ता नहीं मिलते थे, वहां भी मिला प्यार...

# बंगाल जीत पर रो पड़े कैलाश विजयवर्गीय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बंगाल के प्रभारी रहे लोक निर्माण मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बंगाल में भाजपा की जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बंगाल में पहले जिन बूथों पर कार्यकर्ताओं को बैठने के लिए नहीं मिलता था, उन इलाकों में भी भाजपा को जनता ने समर्थन दिया। बंगाल में 30 वर्षों से भय के माहौल के बीच चुनाव होते थे।**



पहली बार वोटरों ने निर्भीक होकर मतदान किया। उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा के लिए कार्यकर्ताओं को काम करना कठिन था। पिछले चुनाव के समय ही 300 कार्यकर्ताओं की हत्या की गई। कई कार्यकर्ताओं के मकान जलाए गए। इसके बावजूद हमने हार नहीं मानी। बंगाल की भाजपा की जीत उन कार्यकर्ताओं को समर्पित है। विजयवर्गीय ने इस दौरान अपनी पीड़ा भी बताई और कहा कि बंगाल में मुझ पर निशाना बनाया गया। वह असहनीय था। बलात्कार जैसे गंभीर आरोप लगाए गए, ताकि मेरा मनोबल तोड़ा जा सके। इस कारण छह वर्षों से मैंने मानसिक पीड़ा झेली है। यह बातें कहते हुए उनकी आँखें भी भर आई और उन्होंने कहा कि ये आँसू मेरी कमजोरी नहीं, अन्याय के खिलाफ मेरी पीड़ा हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद मोदी सरकार ने देशभर में विकास किया है। इसका असर बंगाल में भी देखने को मिला है। यह जीत विकास की गति दर्शाती है। भारतीय सेना दुनिया की तीसरी सबसे शक्तिशाली सेनाओं में शामिल है। विजयवर्गीय ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह की रणनीति भी बंगाल की जीत में काम आई। अब बंगाल भ्रष्टाचार से मुक्त होकर सोनार बांग्ला के रूप में विकसित होगा।

# सीएम हेल्पलाइन का गुणवत्तापूर्ण समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए

## लापरवाही पाए जाने पर होगी कार्रवाई : कलेक्टर शिवम वर्मा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय में समय-सीमा (टीएल) के पत्रों के निराकरण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा लंबित प्रकरणों, शिकायतों एवं आवेदनों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि शासन के निर्देशानुसार सभी प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि जहां भी लापरवाही पाई जाएगी, संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।**



बैठक में इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पंवार, रोशन राय, रिंकेश वैश्य, अपर आयुक्त नगर निगम एन.एन. पाण्डे, स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में बताया गया कि जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। बैठक में निर्देश दिये गये सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की निरंतर मॉनिटरिंग की जाये। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य सभी शिकायतों एवं आवेदनों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना है, जिसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

कलेक्टर श्री वर्मा ने जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की समीक्षा भी की। उन्होंने बताया कि गेहूं खरीदी के संबंध में भी प्रशासन द्वारा किसानों को सुविधा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। स्लॉट बुकिंग को सरल बनाया जा रहा है तथा खरीदी और भुगतान समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में वर्तमान मौसम को देखते हुए आम नागरिकों से लू से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि सभी शासकीय कार्यालयों में भी आगंतुकों के बैठने और पेयजल के लिये व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने पीएनजी कनेक्शन देने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि घर-घर कनेक्शन लगाने के लिए आईटीआई के प्रशिक्षित युवाओं की मदद भी ली जाए।

बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने रैण्डम रूप से सीएम हेल्पलाइन के पाँच प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही पाये जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। इस मामले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय विकास, पटेल कॉलेज के प्राचार्य को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही एक अन्य मामले में डाइट के कर्मचारी पर 2 हजार रुपये का अर्थदण्ड अधिरोपित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि उनके यहाँ सेवानिवृत्त होने वाले सभी शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण समय से पूर्व ही तैयार हो जाए, जिससे की सेवानिवृत्ति की तुरंत पश्चात ही उनकी पेंशन प्रारंभ हो सकें। साथ ही निर्देश दिए गए कि सेवानिवृत्त सभी शासकीय सेवकों के सभी लंबित भुगतान समय पर हो जाए, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# ट्रेनिंग के बहाने फ्लैट पर बुलाया, फिर की छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हीरानगर थाना क्षेत्र में एक निजी कंपनी में कार्यरत रही 23 वर्षीय युवती ने अपने सीनियर अधिकारी पर छेड़छाड़ और धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**



पुलिस के अनुसार युवती अपने कजिन के साथ थाने पहुंची और बताया कि वह एक निजी कंपनी में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत थी। उसने 9 फरवरी को जॉइनिंग की थी और 26 अप्रैल तक काम किया। पीड़िता के मुताबिक कंपनी से जुड़े एक वरिष्ठ कर्मचारी ने 10 अप्रैल को उसे केबिन में बुलाया और काम के सिलसिले में मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद उसने ऑफिस के बाहर मिलने की बात कही। युवती ने आरोप लगाया कि 26 अप्रैल को आरोपी उसे कार में बैठाकर यह कहकर एक स्थान पर ले गया कि अन्य कर्मचारी भी ट्रेनिंग के लिए आ रहे हैं। इसके बाद उसे बजरंग नगर स्थित एक फ्लैट पर ले जाया गया, जहां कोई अन्य व्यक्ति मौजूद नहीं था। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने कमरे का दरवाजा बंद कर लाइट बंद कर दी और उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। विरोध करने और शोर मचाने पर आरोपी पीछे हट गया। युवती के अनुसार आरोपी ने उसे धमकाया कि यदि उसने घटना के बारे में किसी को बताया तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। बाद में उसे रॉयल बंगला क्षेत्र के पास छोड़कर चला गया। घटना के बाद युवती ने ऑफिस जाना बंद कर दिया। परिवार को पूरी जानकारी देने के बाद वह थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। हीरानगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपों की पुष्टि के लिए सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

# महापौर देपालपुर पहुंचे और स्वच्छता व्यवस्थाओं को चेक किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। स्वच्छता अभियान के तहत देपालपुर नगर परिषद अब सुंदर और स्वच्छ शहर के रूप में उभरता नजर आ रहा है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव सोमवार को देपालपुर पहुंचे और यहां ग्राउंड पर स्वच्छता व्यवस्थाओं को चेक किया।**



महापौर ने देपालपुर के प्रमुख मार्गों, बाजार और आवासीय क्षेत्रों को देखते हुए डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, सफाई व्यवस्था और नालियों सफाई व्यवस्था आदि की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ऑन-ग्राउंड टीम के साथ समीक्षा बैठक कर जरूरी निर्देश दिए। देपालपुर में आरआरआर (रीड्यूस, रीयूज, रीसायकल) गतिविधियों को भी देखा और जनता से संवाद कर फीडबैक भी लिया। महापौर ने ट्रेंचिंग ग्राउंड और पूर्व में उपयोग की गई साइट को भी देखकर वर्तमान स्थिति की तुलना की। साथ ही लिगेसी वेस्ट रिमेडियल कामों और कचरा प्रोसेसिंग व्यवस्था की समीक्षा की। ग्रामीण चौपाल के रूप में आयोजित संवाद में सफाई मित्रों, जनप्रतिनिधियों और जनता से चर्चा कर स्वच्छता की प्रगति पर सुझाव लिए और सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। देपालपुर की मंडी को महापौर ने और अधिक व्यवस्थित, आकर्षक और कलरफुल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने इंदौर की तर्ज पर एकरूपता के साथ साइन बोर्ड और व्यवस्थाएं विकसित करने की बात कही। महापौर ने स्थानीय दुकानदारों से मालवी में संवाद करते हुए सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। दुकानदारों ने बताया कि नियमित सफाई हो रही है और अब वे प्लास्टिक के बजाय कागज के पैकेट और कागज की पुड़िया का उपयोग कर रहे हैं। कचरा भी नियमित रूप से कचरा गाड़ी में दिया जा रहा है। इस दौरान आरआरआर सेंटर का उद्घाटन भी किया गया। उन्होंने देपालपुर के लोगों से अपील की है कि अनुपयोगी वस्तुएं, जिन्हें वापस से उपयोग में लाया जा सकता है वे 3 आर सेंटर पर जमा करें। इस दौरान महापौर के साथ स्वच्छता प्रभारी अश्विनी शुक्ल, अपर आयुक्त प्रखर सिंह सहित निगम अधिकारी व देपालपुर नगर परिषद अध्यक्ष व स्थानीय पार्षद आदि मौजूद रहे।

# 91 युवक-युवतियों को विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में मिला रोजगार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मध्यप्रदेश शासन और जिला प्रशासन के निर्देशानुसार बेरोजगार आवेदकों को रोजगार और स्वरोजगार देने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय इंदौर द्वारा 4 मई 2026 को एक दिवसीय रोजगार मेले (युवा संगम) का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय में किया गया। युवा संगम कार्यक्रम में कुल 12 कंपनियों के 300 से अधिक विभिन्न रिक्त पदों की पूर्ति हेतु इनके प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार लेकर निजी कंपनी में रोजगार और अप्रेन्टिशीप हेतु प्रारम्भिक रूप से चयन किया गया। इस युवा संगम कार्यक्रम में कुल 183 पंजीयन हुए, जिनमें 152 युवक और 31 युवतियों ने भाग लिया। उप संचालक रोजगार श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 73 युवक और 18 युवतियों का प्रारंभिक रूप से फार्मासिस्ट, एचआर, सेल्स एक्जीक्यूटिव, सहायक प्रबंधक, डिजिटल मार्केटिंग, टेलीकॉलर, बेक ऑफिस, ट्रेनी,फीटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, आपरेटर आदि पदों के लिए चयन किया गया । रोजगार मेले में मोजेक वर्क स्कील, पत्रिका, आईटीएल इंडस्ट्रीज, डिस्टिल एजुकेशन, एलबीजी स्टील, रेड्डी फाउंडेशन, डिजी रियेक्ट्स, कोडरबिंग, शैफाली बिजनेस आदि कुल 12 कंपनियों द्वारा आवेदकों का चयन किया गया।

सुपर कॉरिडोर पर ग्रेटर बाबा जैन मंदिर को बनाया निशाना

# जैन मंदिर से 10 लाख से ज्यादा की मूर्तियां चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में एक बार फिर धार्मिक स्थल को निशाना बनाते हुए बदमाशों ने जैन मंदिर से चांदी की मूर्तियां चोरी कर लीं। घटना सुपर कॉरिडोर क्षेत्र की है, जहां सुबह मंदिर खुलते ही चोरी का खुलासा हुआ।**





इंदौर के सुपर कॉरिडोर स्थित ग्रेटर बाबा जैन मंदिर में सोमवार तड़के चोरी की वारदात सामने आई। अज्ञात बदमाश मंदिर में घुसकर भगवान की चांदी की मूर्तियां और अन्य सामान चुरा ले गए। चोरी गए सामान की कीमत दस लाख रुपए से अधिक होने का दावा किया जा रहा है। चोरों ने 5 चांदी की मूर्तियां, एक मिक्स धातुओं की मूर्ति, एक शिला, 2 शांति धारा और 28 कलश चोरी कर लिए। पुलिस के मुताबिक चोर रात 2.18 बजे मंदिर में घुसे और 42 मिनट तक मंदिर में रहने के बाद 3 बजे वहां से भाग गए। बताया जा रहा है कि चोरों ने इसके पहले मंदिर की रेकी भी की थी। मंदिर में चौकीदारी और सफाई का काम करने वाले कर्मचारी को घटना की भनक तक नहीं लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सोमवार सुबह अंजू नाम की महिला दर्शन करने आई थी। इसके बाद स्थानीय लोगों और जैन समाज के सदस्यों को सूचना दी गई, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर विरोध जताया। मंदिर 1998 में 10 हजार स्केयर फीट पर बना है। मंदिर से जुड़े श्रद्धालु अशोक जैन ने बताया कि भगवान के मंदिर के यहां के शटर और दरवाजों को तोड़कर चांदी की पांच और अष्टधातु की दो प्रतिमाएं सहित अन्य सामान चोरी कर लिये। चोरी के पहले रेकी होने की भी जानकारी सामने आई है। कुछ दिन पहले भी अन्य जैन मंदिरों में इसी तरह से चोरी की घटना समाने आई थी। मंदिर में चोरी करते दिख रहे चोरों का हूलिया भी उन चोरों से मिलता दिख रहा है। मंदिर की चौकीदारी करने वाले राकेश त्रिवेदी ने बताया कि रोजाना की तरह रात को 10.30 बजे मंदिर के पट बंद किये थे। सुबह 5 बजे खोला तब चोरी के बारे में पता चला।

# अब परिंदा भी नहीं मार पाएगा पर जेल की दीवारों पर दौड़ेगा करंट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जेल ब्रेक की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। अब जेलों की बाउंड्रीवॉल पर इलेक्ट्रिक फेंसिंग लगाई जा रही है। जेल विभाग इस पूरी परियोजना पर 18 करोड़ रुपए की राशि खर्च कर रहा है। इस तकनीक का उद्देश्य जेल की दीवार फांदकर भागने की कोशिश करने वाले कैदियों को रोकना है। वर्तमान में इंदौर सहित 14 जेलों में इसका इस्तेमाल शुरू किया जा चुका है। कई साल पहले भोपाल सेंट्रल जेल से सिमी के आठ कैदियों के फरार होने और हेड कॉन्स्टेबल की हत्या जैसी वारदातों के बाद सुरक्षा को लेकर



प्रदेश की जेलों में यह उपाय किए जा रहे हैं।

जेल डीजी वरुण कपूर ने कहा कि इंदौर सहित अन्य जेलों में यह काम किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, जिन 14 स्थानों पर यह प्रयोग हुआ है, वहां इसके परिणाम सकारात्मक रहे हैं। यह फेंसिंग इस तरह डिजाइन की गई है कि दीवार को नुकसान पहुंचाने या फांदने पर झटका लगने के साथ-साथ कंट्रोल रूम में अलार्म बज उठेगा। हालांकि, एक तरफ जहां जेलों को हाईटेक बनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जेलों के भीतर रसूखदार कैदियों को मिलने वाली सुविधाओं जैसी अनियमितताओं की चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं। यदि कोई कैदी दीवार फांदने का प्रयास करता है, तो उसे बिजली का हल्का झटका लगेगा और तत्काल अलार्म सिस्टम सक्रिय हो जाएगा। इससे जेल प्रहरी तुरंत सतर्क हो जाएंगे। वर्तमान में प्रदेश की 133 जेलों (जिसमें 11 सेंट्रल जेल, जिला जेल और सब-जेल शामिल हैं) में क्षमता से अधिक, लगभग 42 हजार कैदी बंद हैं। इंदौर सहित 14 जेलों में इसका प्रायोगिक इस्तेमाल शुरू किया जा चुका है। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए न केवल फेंसिंग बल्कि अन्य तकनीक का भी सहारा लिया जा रहा है। कैदियों की अदालतों में पेशी अब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कराई जा रही है ताकि उन्हें लाने-ले जाने का जोखिम खत्म हो सके। इंदौर की सेंट्रल जेल में क्षमता से अधिक कैदी होने के कारण सांवेर रोड पर नई जेल का निर्माण भी जारी है। वित्त विभाग से मंजूर 18 करोड़ रुपए की राशि के उपयोग की निगरानी के लिए एक समिति भी गठित की गई है।

# डीएवीवी में करणी सेना का प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। सोमवार को करणी सेना ने इंदौर डीएवीवी में प्रदर्शन किया। पदाधिकारियों ने होलकर साइंस कॉलेज में हुए संभावित इंटर्नशिप घोटाले और इसमें यूनिवर्सिटी के प्लेसमेंट ऑफिसर की भूमिका पर सवाल उठाते हुए जांच कमेटी बनाने की मांग की है। पदाधिकारियों का कहना है कि मांग पूरी नहीं होती है तो वे उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त को ज्ञापन देंगे। हालांकि यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि होलकर साइंस कॉलेज ऑटोनोमस कॉलेज है। वहीं यूनिवर्सिटी के प्लेसमेंट ऑफिसर की भूमिका की जरूर जांच करा सकते हैं। करणी सेना के पदाधिकारियों का कहना है कि होलकर साइंस कॉलेज इंदौर में हाल ही में सामने आए इंटर्नशिप मामले में गंभीर अनियमितताएं और संभावित घोटाले के साक्ष्य सामने आए है। इस संबंध में यूनिवर्सिटी से कार्रवाई की मांग की है।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। एमआईजी इलाके में एक 28 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक अपने दोस्त के घर गया था, जहां से उसे बेसुध हालत में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रात के समय अमित के पिता यशवंत यादव उसे लगातार फोन कर रहे थे। इसी दौरान दोस्त प्रदीप जाट की पत्नी ने कॉल रिसीव कर बताया कि अमित ने शराब पी ली थी और उसकी तबीयत बिगड़ गई है। इसके बाद परिजन उसे तत्काल एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ने बेटे की मौत पर संदेह जताते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि अमित शराब नहीं पीता था और न ही तंबाकू या सुपारी का सेवन करता था। उन्होंने दावा किया कि बेटे के गले पर निशान थे, जिससे मारपीट की आशंका लगती है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा। अमित एक दूध कंपनी में मार्केटिंग का काम करता था। परिवार में उसके माता-पिता, एक बड़ा भाई और एक बहन हैं, जिनकी हाल ही में शादी हुई है। फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

# मिक्सर मशीन में फंसकर भट्टा संचालक की जान गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। दो अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। देवास नाका पर काम के दौरान युवक पर मलबा गिर गया, जबकि तेजाजी नगर में मिक्सर मशीन में फंसने से भट्टा संचालक की जान चली गई। इंदौर के देवास नाका क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें 25 वर्षीय युवक विशाल की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार विशाल, ग्राम नागदा का निवासी था और एक बिल्डिंग साइट पर काम कर रहा था। बताया गया कि वह सोलर पैनल नीचे उतारने के बाद सड़क पर खड़ा था, तभी बिल्डिंग की दूसरी मंजिल से किसी ने मलबा फेंक दिया। मलबे में सीमेंट के पत्थर और ईंटें शामिल थीं, जो सीधे उसके सिर पर गिरीं। गंभीर हालत में उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार रात उसकी मौत हो गई। विशाल अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला था। उसके परिवार में पत्नी, एक साल की बेटी और मां हैं, जबकि उसका भाई मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा है। पुलिस इस मामले में लापरवाही के एंगल से जांच कर रही है।

# सरवटे बस स्टैंड की खराब सफाई पर एजेंसी को फटकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शहर में स्वच्छता व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल सोमवार को फील्ड पर पहुंचे। उन्होंने जीटीएस परिसर और सरवटे बस स्टैंड क्षेत्र का निरीक्षण कर सफाई, ट्रैफिक मूवमेंट और समग्र प्रबंधन की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने होटल राजशाही और जंजीरवाला क्षेत्र स्थित जीटीएस कैंपस में सफाई व्यवस्था, कचरा निस्तारण और वाहनों की आवाजाही का जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि



स्वच्छता बनाए रखने और कचरा प्रबंधन की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके बाद निगम कमिश्नर सरवटे बस स्टैंड पहुंचे, जहां उन्होंने यात्रियों को दी जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया। यहां लगे प्याऊ पर पानी की गुणवत्ता की जांच की और निर्देश दिए कि यात्रियों को साफ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाए।

बस स्टैंड परिसर में स्थित पब्लिक टॉयलेट की सफाई खराब मिलने पर उन्होंने संबंधित एजेंसी पर 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान लॉक रूम की व्यवस्था भी देखी गई। यात्रियों के सामान की सुरक्षा को लेकर एजेंसी 'एम पावर' को फटकार लगाई गई और आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए गए। निगम कमिश्नर ने अधिकारियों को शहर की सफाई और सार्वजनिक सुविधाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर आयुक्त अर्थ जैन, जोनल अधिकारी गीतेश तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सरकार खरीदेगी दूध, पशुपालकों को दिलाएगी दूध का समुचित दाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्वालियर बहुत पुण्य भूमि है, जहां प्राचीनकाल से गौवंश और गोपालन की समृद्ध परम्परा रही है। हम पशुपालन और डेयरी को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के मजबूत स्तंभ के रूप में तैयार कर रहे हैं। दुग्ध व्यवसाय हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यह सभी पशुपालकों के आर्थिक स्वावलंबन का मजबूत माध्यम है। हम प्रदेश के हर किसान और पशुपालक को समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।**



सरकार डेयरी क्षेत्र में नवाचार करते हुए निवेश भी बढ़ाने के लिए सभी प्रयास कर रही है। निवेश आयेगा, तो इस सेक्टर में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। हम हमारे युवाओं को गांवों में ही रोजगार मुहैया कराने के लिए सभी बेहतर संभावनाओं पर फोकस कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश दुग्ध उत्पादन में भी अग्रणी राज्य बने, यही हमारा लक्ष्य है। पशुपालकों और दुग्ध उत्पादकों की आमदनी में वृद्धि करने के लिए हम मिशन मोड पर काम कर रहे हैं। प्रदेश में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार हर जरूरी कदम उठा रही है। हम अपने प्रयासों से मध्यप्रदेश को देश का मिल्क केपिटल बनाकर रहेंगे। इसके लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल, बेहतर प्रबंधन और सभी पशुपालकों एवं दुग्ध उत्पादकों की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को मिल्क केपिटल बनाने में ग्वालियर बड़ी भूमिका निभाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को ग्वालियर में राज्य स्तरीय पशुपालक एवं दुग्ध उत्पादक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलन कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। उन्होंने पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए और सम्मेलन में मौजूद सभी को पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन से जुड़कर प्रदेश को मिल्क केपिटल बनाने में सहयोग देने का संकल्प भी दिलाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर क्षेत्रीय पशुपालकों को अपने पशुधन के स्वास्थ्य एवं उपचार की स्थानीय स्तर पर सुविधा मुहैया कराने के लिए ग्वालियर में पशुओं का केयर एंड वेलनेस सेंटर खोलने, ग्वालियर के पशु स्वास्थ्य एवं उपचार केन्द्र का उन्नयन करने तथा डबरा में नया पशु चिकित्सालय खोलने की घोषणा की। सम्मेलन के दौरान प्रदेश में पशुपालकों को सरकार द्वारा दिए जा रहे प्रोत्साहन की सफलता की कहानियों तथा पशुधन विकास पर केन्द्रित वीडियो फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने कहा कि प्रदेश में पहली बार पशुपालकों और दुग्ध उत्पादकों का इतना वृहद समागम हुआ है। यह समागम डेयरी सेक्टर के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भी प्रदेश में पशुपालन और डेयरी उद्यमिता को एक लाभकारी, टिकाऊ और तकनीक से जुड़े 'रोजगार सृजन मॉडल' के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध होकर काम कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के हर गांव को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने और हर किसान, पशुपालक, दुग्ध उत्पादक को आत्मनिर्भर बनाने में डेयरी सेक्टर एक मजबूत आधार है। हमारी सरकार दुग्ध उत्पादन एवं इसके जरिए स्वावलंबन को ग्रामीण विकास का प्रमुख स्तंभ बनाकर प्रदेश को नई आर्थिक ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दूध का कोई विकल्प नहीं है। यह गौवंश के दूध का पुण्य-प्रताप ही है कि हमारा देश और प्रदेश तेजी से चहुंमुखी विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। सम्मेलन में जल संसाधन एवं ग्वालियर जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद भारत सिंह कुशवाह, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित के संयोजक महेंद्र सिंह यादव, म.प्र. वन विकास निगम के अध्यक्ष रामनिवास रावत, म.प्र. कुक्कुट विकास निगम के अध्यक्ष बघेल, लाल सिंह आर्य, मोहन सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्वालियर जिले एवं संभाग से आए पशुपालक, दुग्ध उत्पादक, किसान बंधु एवं हितग्राही उपस्थित थे।

● मुख्यमंत्री के गृहनगर उज्जैन की बंगाली कॉलोनी में जश्न

# बंगाल में भाजपा की बढ़त पर शंख ध्वनि और ढोल-नगाड़ों से उत्साह



**उज्जैन। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के शुरुआती रुझानों में भाजपा की बढ़त के बाद उज्जैन की बंगाली कॉलोनी में जश्न का माहौल देखा गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृहनगर में ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य किया गया, मिठाइयां बांटी गईं और लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी।**

सोमवार दोपहर से ही बंगाली समुदाय के लोग सड़कों पर उतरकर अपनी खुशी का इजहार करने लगे। यह जश्न पश्चिम बंगाल में भाजपा की मजबूत स्थिति के शुरुआती संकेतों के बाद शुरू हुआ। जश्न में युवक-युवतियां और बुजुर्ग ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते दिखे। लोगों ने तिरंगा और पार्टी के झंडे लहराए, मिठाइयां बांटीं और एक-दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी भी शामिल हुए। उन्होंने लोगों के साथ खुशी साझा की, शंख बजाया और झांझ मंजीरे बजाकर मिठाइयां वितरित कीं।

स्थानीय लोगों ने इस उत्सव को केवल राजनीतिक बढ़त का नहीं, बल्कि बदलाव की उम्मीद का प्रतीक बताया। अनीता चक्रवर्ती ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें इस पल का लंबे समय से इंतजार था। अंकित चक्रवर्ती ने दावा किया कि अब बंगाल में माहौल बदलेगा और लोग खुलकर जीवन जी सकेंगे। हालांकि, चुनाव के आधिकारिक नतीजे अभी पूरी तरह घोषित नहीं हुए हैं। फिर भी, शुरुआती रुझानों ने समर्थकों में भारी उत्साह भर दिया है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन भी मुस्तैद है, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो और कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

जानकारी के अनुसार, शाम को शहर के भाजपा लोकशक्ति कार्यालय पर भी जीत के जश्न के लिए विशेष आयोजन किया जाएगा। इसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हो सकते हैं।

## मप्र में अगले 4 दिन आंधी-बारिश, 39 जिलों में अलर्ट

# जबलपुर-कटनी, सिंगरौली-सीधी, शहडोल और उमरिया में 60किमी की रफ्तार से चलेगी आंधी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। एमपी में इस बार मई की शुरुआत तेज गर्मी की बजाय आंधी-बारिश और ओले के साथ हुई है। सोमवार को 15 से ज्यादा जिलों में कहीं ओले गिरे तो कहीं तेज आंधी चली और बारिश भी हुई। ऐसा ही मौसम मंगलवार को भी बना रहेगा।**



मौसम केंद्र भोपाल ने प्रदेश के 39 जिलों में 40 से 60 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चलने और बारिश का अलर्ट जारी किया है। जबलपुर, सिंगरौली, सीधी, शहडोल, उमरिया और कटनी में आंधी की रफ्तार सबसे ज्यादा रहेगी। वहीं, भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, नर्मदापुरम, बैतूल, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, दतिया, अशोकनगर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, पांढुर्णा, रीवा, सतना, मऊगंज, मैहर, अनूपपुर, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में बारिश होने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, इंदौर-उज्जैन संभाग यानी, इंदौर धार, आलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, उज्जैन, नीमच, आगर-मालवा, मंदसौर, शाजापुर, देवास, रतलाम और हरदा में मौसम साफ रहेगा। सिस्टम की वजह से कुछ जिलों में मौसम बदलने का अनुमान जरूर है।

प्रदेश में आंधी-बारिश और ओले के बीच कुछ शहरों में तेज गर्मी का असर भी है। सोमवार को रायसेन में पारा 44 डिग्री दर्ज किया गया। लगातार दूसरे दिन रायसेन में इतना तापमान रहा। वहीं, खरगोन में 43 डिग्री, खंडवा में 42.1 डिग्री, मंडला में 41.9 डिग्री, नरसिंहपुर में 41 डिग्री, बैतूल में 40.7 डिग्री, रतलाम में 40.5 डिग्री, छिंदवाड़ा में 40.2 डिग्री और शाजापुर में तापमान 40.1 डिग्री रहा। दूसरी ओर, खजुराहो में पारा सबसे कम 33.8 डिग्री दर्ज किया गया। यह पचमढ़ी से भी ठंडा रहा। दतिया में 34.8 डिग्री और टीकमगढ़ में तापमान 35.5 डिग्री रहा। बड़े शहरों में ग्वालियर में पारा सबसे कम 34.8 डिग्री दर्ज किया गया। इंदौर में 38.2 डिग्री, उज्जैन में 39 डिग्री, जबलपुर में 40 डिग्री और भोपाल में तापमान 40.4 डिग्री रहा।

## बच्चियों को बचाने आरक्षक की डूबने से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंडला, एजेंसी।** जिले के मोहगांव थाना क्षेत्र में सोमवार को एक पुलिस आरक्षक शिवलाल परस्ते की डूबने से मौत हो गई। यह हादसा देवगांव स्थित नर्मदा और बुडनेर नदी के संगम पर हुआ, जहां आरक्षक अपने परिवार के साथ स्नान करने गए थे। अपनी बच्चियों को बचाने के प्रयास में वे गहरे पानी में डूब गए, हालांकि उनकी बच्चियों को सुरक्षित बचा लिया गया। जानकारी के अनुसार, आरक्षक शिवलाल परस्ते पिछले लगभग 11 महीनों से मोहगांव थाने में पदस्थ थे। उनकी पत्नी बिछिया क्षेत्र में शिक्षिका हैं और बच्चे भी अपनी मां के साथ वहीं रहते थे। छुट्टियों के कारण पत्नी और बच्चे मोहगांव आए हुए थे। सोमवार को परिवार देवगांव संगम पर घूमने और स्नान करने गया था।

## खर्च का ब्यौरा नहीं दिया फिर भी लड़ सकेंगे चुनाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में चुनाव खर्च का ब्यौरा नहीं देने पर राज्य निर्वाचन आयोग ने 28 उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित किया है। 2022 में हुए नगर निकाय चुनाव में इन उम्मीदवारों ने पार्षद पद का चुनाव लड़ा था। हालांकि, इनमें से 12 ही अगला चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। जबकि 16 को एक साल के लिए अयोग्य घोषित किया है, ऐसे में वे अगला चुनाव लड़ सकेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग की अलग-अलग सुनवाई में विदिशा जिले की नगरपालिका विदिशा, नगरपालिका गंजबासौदा, नगर परिषद लटेरी और नगर परिषद कुरवाई में 2022 में चुनाव लड़ने वाले 28 उम्मीदवारों के मामले में अयोग्यता के आदेश जारी किए हैं। 28 अप्रैल को जारी अयोग्यता आदेशों में इन्हें आयोग की सूचना के बाद भी सुनवाई में हाजिर नहीं होने और नोटिस के बाद भी चुनाव खर्च का ब्यौरा न देने पर नगर पालिक निगम और नगर पालिका अधिनियम के प्रावधानों के आधार पर चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया है। बता दें, आगामी नगरीय निकाय चुनाव 2027 में होने वाले हैं।

# कई जिलों में किसान नेता हाउस अरेस्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में अपनी समस्याओं को लेकर भोपाल की ओर कूच करने की तैयारी कर रहे किसान नेताओं को लेकर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। फंदा टोल नाके पर एकत्रित होकर राजधानी पहुंचने की रणनीति बना रहे 'राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ' के आंदोलन को पुलिस ने शुरू होने से पहले ही रोकने का प्रयास किया। खबर है कि देवास और रतलाम सहित विभिन्न जिलों के प्रमुख किसान नेताओं को उनके घरों से निकलने से पहले ही 'हाउस अरेस्ट' (नजरबंद) कर लिया गया। वहीं जो किसान घरों से निकल चुके हैं, उन्हें रास्ते में रोका जा रहा है। महासंघ ने मुख्यमंत्री के नाम एक 15 सूत्रीय ज्ञापन तैयार किया है, जिसमें प्रदेश के किसानों की ज्वलंत समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग की गई है।

# संपादकीय

## 'हमलों के बाद भी अडिग ईरान का परमाणु इरादा'

अमेरिका और इजरायल के 40 दिनों के हमलों के बाद भी ईरान के परमाणु कार्यक्रम को कोई खास नुकसान नहीं पहुंचा है। तेहरान के परमाणु कार्यक्रम के बारे में अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के आकलन में पिछली गर्मियों के बाद से कोई बदलाव नहीं आया है। जून 2025 में ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिका-इजरायल के हमलों के बाद विश्लेषकों ने अनुमान लगाया था कि इस हमले ने ईरान की परमाणु हथियार हासिल करने की समय-सीमा को एक साल के लिए आगे बढ़ा दिया था। ईरान के परमाणु कार्यक्रम में के बारे में यह आकलन हाल ही में हुए 40 दिनों के भीषण युद्ध के बाद भी नहीं बदला है। ट्रंप प्रशासन ने ईरान को परमाणु बम बनाने से रोकने के लिए इस युद्ध को जरूरी बताया है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने एक साल ईरान पर हमले शुरू किए थे। हालांकि, इन इन हमलों का मुख्य ठिकाना पारंपरिक सैन्य ठिकाने रहे हैं, लेकिन इजरायल ने कई परमाणु ठिकानों पर भी हमले किए हैं। दो सूत्रों ने बताया कि जून 2025 में 12 दिवसीय युद्ध से पहले अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने कहा था कि ईरान परमाणु बम ग्रेड यूरेनियम उत्पादन के करीब पहुंच गया है। इसमें कहा गया था कि ईरान लगभग तीन से छह महीनों के भीतर बम बना सकता है। जून में नतान्ज, फोर्डो और इस्फहान परमाणु सुविधाओं पर अमेरिका के हमले के बाद इस समय सीमा को बढ़ाकर 9 महीने से एक साल तक कर दिया गया था। इन हमलों में तीनों प्लांट पूरी तरह नष्ट हो गए या उन्हें भारी नुकसान पहुंचा। लेकिन ईरान के 60 प्रतिशत समृद्ध 440 किलोग्राम यूरेनियम का पता नहीं लगा है। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का मानना है कि इसका लगभग आधा हिस्सा इस्फहान परमाणु सुविधा में एक भूमिगत सुरंग में दबा हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान के यूरेनियम भंडार को हासिल करके रहेंगे। इसके लिए वह 'न्यूक्लियर डस्ट' शब्द का इस्तेमाल करते हैं। अमेरिका और ईरान के बीच 9 अप्रैल से युद्धविराम लागू है, लेकिन सोमवार की घटनाओं के बाद इस पर संशय गहराने लगा है। अमेरिका ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से उसके दो विध्वंसक जहाज गुजरे हैं, जिस पर ईरान ने छोटी बोड, मिसाइल और ड्रोन से हमले किए। अमेरिका ने इन हमलों को नाकाम कर दिया। इसके साथ ही सेंट्रल कमांड ने कहा है कि उसने ईरानी नेवी की छह छोटी नावों को तबाह कर दिया। इस बीच सोमवार को ट्रंप ने कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी सेना की कार्रवाई बहुत अच्छी तरह चल रही है। उनका कहना है कि ईरान की ताकत काफी हद तक खत्म हो चुकी है और उसे किसी भी हालत में परमाणु हथियार बनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

Health is Wealth

# काम की बात: रात में एसी का टेंपरेचर 16 या 24 कितना रखें!

## जिससे बिल और कमरा दोनों बना रहे ठंडा

भीषण गर्मी में AC (एयर कंडीशनर) हर घर में सुकून भरी हवा देता है। कुछ ही मिनटों में एसी कमरा और शरीर दोनों को ठंडा कर देता है। रात में सुकून से भरी नींद पाने के लिए लोग कमरे को चिल्ड करना पसंद करते हैं। इसके लिए अक्सर लोग 16 डिग्री पर टेंपरेचर सेट कर देते हैं। लेकिन क्या वाकई एसी का टेंपरेचर 16 डिग्री पर रखना सही होता है या इससे कोई नुकसान हो सकता है। तो वही कुछ लोग एसी को 24 डिग्री पर चलाने की सलाह देते हैं। तो AC डिग्री की सही सेटिंग क्या है और रात में किस टेंपरेचर पर इसे चलाना चाहिए, आज हम आपको बताने जा रहे हैं। सही सेटिंग चुनकर आप बिजली की खपत बचा सकते हैं और कमरा भी ठंडा कर सकेंगे।



### ● कितने टेंपरेचर पर चलाएं AC

16, 20 या 24? अगर आप AC को सही टेंपरेचर पर चलाते हैं, तो ना सिर्फ बिजली का बिल कम होगा बल्कि एसी भी लंबे समय तक खराब नहीं होगा। साथ ही आपका कमरा भी ठंडा रहेगा। अगर आप 16 डिग्री पर एसी चलाते हैं, तो इससे वो जल्दी ठंडा करेगा लेकिन उस पर लोड बढ़ेगा और ऐसे में आपका बिजली का बिल भी तेज रफ्तार में भागेगा। तो वही अगर आप 20 डिग्री पर सेटिंग करते हैं, तो भी बिजली की खपत उतनी ही रहती है और ज्यादा ठंड से नींद भी खराब होगी। अगर आप 24 डिग्री पर एसी चलाते हैं, तो ये आपके लिए आरामदायक और स्टेबल कूलिंग करेगा। इस टेंपरेचर पर AC चलाने से बिजली बिल कम आएगा।

### ● क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स

एक्सपर्ट्स का मानना है कि रात में बार-बार एसी का टेंपरेचर नहीं बदलना चाहिए। ज्यादातर लोग कभी 16, कभी 22 या फिर 24 पर सेटिंग करते रहते हैं। सेटिंग जो भी चुनें एक ही चुन लीजिए। इसके अलावा सोने से 30 मिनट पहले 22–23C पर चलाकर कमरा कूल करें, फिर 24C पर सेट कर दें। इससे कमरा भी ठंडा हो जाएगा और बिजली का बिल भी ज्यादा नहीं होगा। बात सीधी सी है कि अगर आप एसी 16 या 20 डिग्री पर चलाते हैं, तो इसका असर आपके बिजली बिल पर दिखेगा।

### ● कम टेंपरेचर पर AC चलाने के नुकसान

1. बिजली का बिल तेजी से बढ़ता है
2. AC जल्दी खराब हो सकता है
3. ओवरहीटिंग से आउटडोर यूनिट ओवरहीट हो सकती है, जिससे फटने का डर रहता है
4. ज्यादा चिल्ड एसी में रहने से सिरदर्द, सर्जी-जुकाम और बदन दर्द की समस्या बनी रहती है
5. लगातार कम टेंपरेचर में रहने से त्वचा पर झुर्रियां आने लगती है

### ● क्या है सही तरीका

1. AC चलाते समय कमरे के दरवाजे, खिड़कियां अच्छे से बंद करें। आप स्लीप मोड वाली सेटिंग भी सेलेक्ट कर सकते हैं, इससे ये रातभर धीरे-धीरे टेंपरेचर बढ़ाकर बिजली बचाता रहेगा। ज्यादा ठंड से आपकी नींद भी खराब नहीं होगी।

# धूप से आने के बाद सिरदर्द क्यों होता है?

सिरदर्द वैसे तो बिल्कुल आम समस्या है लेकिन ये गर्मियों में ज्यादा बढ़ जाती है। धूप में बाहर जाने या कहीं से लौटने पर तेज सिरदर्द होने लगता है, ऐसे में अक्सर लोग सिरदर्द की दवाई खा लेते हैं। कभी-कभार तो ठीक है लेकिन रोजाना दवाई खाना सेहत के लिए नुकसानदायक है और ऐसे में आपको सिरदर्द और दवाई दोनों की आदत भी बन सकती है। अगर आप भी सिरदर्द से परेशान हो चुके हैं, तो उससे बचाव के कुछ तरीके अपना सकते हैं। चलिए जानते हैं आखिर गर्मी के मौसम में सिरदर्द की समस्या क्यों बढ़ जाती है और इससे कैसे बचें।

### क्यों होता है सिरदर्द?

न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर विशाल जैन का कहना है कि जब शरीर का तापमान नॉर्मल से ज्यादा हो जाता है, तो इसका असर दिमाग पर भी पड़ता है। उमस और गर्मी में ब्रेन तरल पदार्थों के प्रति ज्यादा सेंसिटिव हो जाता है। इस वजह से सिरदर्द हल्के दबाव जैसा महसूस होता है, कभी-कभी दर्द सिर के दोनों तरफ या पीछे की ओर ज्यादा महसूस होता है। इससे ऐसे लगता है जैसे सिर फट रहा हो। कई बार ये हार्मोनल इम्बैलेंस के कारण भी होता है।

### बचाव के 5 खास तरीके

अगर आप भी गर्मी में सिरदर्द की समस्या से परेशान हो चुके हैं, तो कुछ तरीके हैं जिनसे बचा जा सकता है। सिरदर्द कोई गंभीर बीमारी नहीं है, बस ये शरीर के बढ़ते-घटते टेंपरेचर के साथ शुरू होता है। तो चलिए जानते हैं इससे आप कैसे बच सकते हैं।

### 1- पानी खूब पिएं

गर्मी में अक्सर शरीर में पानी की कमी हो जाती है, इसकी वजह से भी सिरदर्द होने लगता है। जब शरीर पसीने के जरिए पानी और जरूरी इलेक्ट्रोलाइट्स खो देता है, ऐसे में दिमाग के टिश्यू सिकुड़ जाते हैं और फिर ये दर्द होने लगता है। इसलिए जरूरी है कि आप खूब पानी पिएं।

### 2- धूप से बचाव

जब भी बाहर जाएं तो टोपी पहनें, गमछा ओढ़ें, दुपट्टा बांध लें या फिर चश्मा लगाकर ही निकलें। तेज धूप और तेज रोशनी सीधे आंखों पर पड़ने से नसों में तनाव पैदा करती है। इस कारण से भी सिरदर्द होता है और ये माइग्रेन को भी ट्रिगर करती है।

### 3- रूटीन बनाएं

गर्मी में अक्सर खाने-पीने का रूटीन बिगड़ जाता है लेकिन ऐसा ना होने दें। गर्मी में अपने खाने का रूटीन फिक्स करें और बीच-बीच में कुछ हेल्दी जूस या फल खाते रहें। इससे शरीर में पानी की कमी नहीं होगी और भूख नहीं लगेगी। भूख से भी सिरदर्द हो सकता है।



### 4- बर्फ वाली सिकाई

अगर सिरदर्द तेज हो रहा है तो बर्फ को कपड़े में लपेटकर उससे सिकाई करें। सिकाई गर्दन के पीछे, माथे और आइसपैक बैग को सिर पर भी रख सकते हैं। बर्फ की ठंडक से सिरदर्द में आराम मिलेगा।

### 5- ठंडी-अंधेरी जगह पर रेस्ट

अगर सिरदर्द तेज हो रहा है, तो आप किसी अंधेरी और ठंडी जगह पर आराम करें। इससे भी दर्द कम होगा। कमरे की लाइट बंद कर दें और फिर रेस्ट करें। इससे दिमाग को ठंडक महसूस होगी और दर्द में राहत मिलेगी।

### डॉक्टर से कब मिलें

अगर आपको हर दिन सिरदर्द की समस्या बनी हुई है और रोजाना बिना दवा खाए आराम नहीं आ रहा है, तो फौरन डॉक्टर से मिलें। रोजाना सिरदर्द की दवाई खाना नुकसानदायक होता है और ये माइग्रेन भी हो सकता है, जो गर्मियों में ट्रिगर हो जाता है।

Paschim Bangal

हार के बाद बोलीं ममता

# 100 से अधिक हमारी सीटें लूट ली

**कोलकाता, (एजेंसी) पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने पहली बार ऐतिहासिक जीत हासिल की है। भाजपा ने राज्य में बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। पश्चिम बंगाल में बहुमत का आंकड़ा 147 सीट है, जिससे बीजेपी काफी आगे चल रही है।**



इधर भाजपा की इस जीत को लेकर ममता बनर्जी ने करारा हमला बोला है और भाजपा पर सीटें लूटने का आरोप लगाया है। साथ चुनाव आयोग पर भी निशाना साधा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मीडिया से बात करते हुए कहा, "भाजपा ने 100 से अधिक हमारी सीटें लूट ली हैं। चुनाव आयोग भाजपा का आयोग बन गया। मैंने सीओ और मनोज अग्रवाल से भी शिकायत की, लेकिन वे कुछ नहीं कर रहे हैं।" मीडिया से सवाल करते हुए कहा, "क्या आपको लगता है कि यह जीत है? यह नैतिक जीत नहीं बल्कि यह अनैतिक जीत है।"

Rajasthan

## फर्जी फैक्ट्री दिखाकर 5 लाख ठगे, नकली चांदी बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ दो गिरफ्तार



**जयपुर, (एजेंसी)** जयपुर की मालपुरा गेट थाना पुलिस ने नकली सोना-चांदी तैयार कर लोगों से ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ठगी की रकम में से 4.50 लाख रुपये नकद, नकली सोना-चांदी बनाने के उपकरण तथा फर्जी सील-मोहर भी बरामद की है।

डीसीपी ईस्ट रंजीता शर्मा के अनुसार इस मामले में 3 मई को पीड़ित हरीश कुमार मीणा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि उसकी पहचान संजय उदयवाल के माध्यम से अहमदाबाद निवासी महबूब शेख से कराई गई। महबूब ने खुद को चांदी बनाने वाला कारीगर बताते हुए कम कीमत पर शुद्ध चांदी उपलब्ध कराने का लालच दिया। आरोपी ने पीड़ित को कई बार अपनी तथाकथित फैक्ट्री में बुलाया, जहां नकली चांदी बनाकर दिखाते हुए उसे विश्वास में लिया गया। इस दौरान आरोपी ने बेहद कम कीमत में चांदी देने का झांसा देकर पीड़ित से करीब 5 लाख रुपये ठग लिए। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों के किराए के मकान पर दबिश दी लेकिन वे पहले ही वहां से फरार हो चुके थे। इसके बाद पुलिस ने तकनीकी सहायता से आरोपियों की मोबाइल लोकेशन ट्रैक की और उनका पीछा करते हुए अहमदाबाद से डिटेन कर लिया।

Chhattisgarh

कबीरधाम में दर्दनाक हादसा!

## पुल से नीचे गिरी तेज रफ्तार कार; 4 की मौत

**कबीरधाम, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में एक कार अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गई। इस हादसे में कार पर सवार चार युवकों की मौत हो गई। दुर्घटना में दो अन्य घायल हो गए। घटना की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के पंडरिया इलाके में पांडातराई के करीब गड़ाई गांव स्थित एक छोटे पुल से तेज गति से जा रही कार अनियंत्रित होकर नीचे गई। इस घटना में अरमान अली (20), मोहम्मद सैफ (19), अनस अली (21) और कौनैन (19) की मौत हो गई तथा दो अन्य जुनेद रजा (21) और आरजू खान (19) घायल हो गए हैं। पुलिस को मिली सूचना के अनुसार, रायपुर के बिरगांव निवासी युवक एक कार में सवार होकर विवाह समारोह में शामिल होने पंडरिया के लिए रवाना हुए थे। रविवार देर रात जब वह गड़ाई गांव स्थित एक छोटे पुल के करीब पहुंचे तब उसकी कार अनियंत्रित होकर पुल से लगभग 50 फुट नीचे गिर गई। इस घटना में चार युवकों की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए।

Uttarpradesh

गंगा एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा

## ट्रक से टकराई बस, 25 यात्री घायल, संभल के अस्पताल में मच गई अफरा तफरी

**मुरादाबाद, (एजेंसी) गंगा एक्सप्रेसवे पर सोमवार तड़के बड़ा सड़क हादसा हो गया। इस्लामनगर क्षेत्र के सिठोली गांव के पास निजी बस ट्रक से टकरा गई। हादसे में बस में सवार 20 से 25 लोग घायल हो गए।**

इसमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा सुबह करीब सवा पांच बजे हुआ। जब बस लुधियाना से हरदोई की ओर जा रही थी। अचानक ट्रक से टक्कर होने के बाद मौके पर चीखपुकार मच गई।

आसपास के लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को बहजोई सीएचसी में भर्ती कराया गया।

जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से



घायल कुछ लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

हादसे के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। शुरुआती जांच में तेज रफ्तार को वजह माना जा रहा है।

खेल

## मुंबई इंडियंस का आईपीएल में सबसे बड़ा रन चेज, आठ गेंद शेष रहते लखनऊ को हराया, रोहित-रिकेल्टन चमके

**मुंबई, (एजेंसी)** रोहित शर्मा और रेयान रिकेल्टन की शानदार साझेदारी की मदद से मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपरजाएंट्स को छह विकेट से हरा दिया। लखनऊ ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 228 रन बनाए। जवाब में मुंबई के लिए रोहित और रिकेल्टन ने अर्धशतक लगाए जिससे टीम ने 18.4 ओवर में चार विकेट पर 229 रन बनाकर मैच जीता। ये आईपीएल में मुंबई इंडियंस का सबसे बड़ा रन चेज है। इससे पहले मुंबई ने इसी सीजन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 221 रनों का लक्ष्य हासिल किया था।



मुंबई को लगातार तीन हार के बाद जीत मिली है, लेकिन वह अंक तालिका में नौवें स्थान पर मौजूद है। मुंबई के 10 मैचों में तीन जीत और सात हार के साथ छह अंक हैं। वहीं, लखनऊ सुपर जाएंट्स नौ मैचों में दो जीत और सात हार के साथ चार अंक लेकर 10वें नंबर पर हैं।

लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित और रिकेल्टन ने शानदार शुरुआत दिलाई। रोहित इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेलने उतरे थे और इस मैच में वह लय में नजर आए। मुंबई के लिए रोहित ने 44 गेंदों पर छह चौकों और सात छक्कों की मदद से 84 रन बनाए और रिकेल्टन 32 गेंदों पर छह चौकों और आठ छक्कों की मदद से 83 रन बनाकर आउट हुए। रिकेल्टन और रोहित के बीच पहले विकेट के लिए 143 रनों की साझेदारी हुई। हालांकि, रोहित और रिकेल्टन के अलावा अन्य कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। सूर्यकुमार यादव ने 12 और तिलक वर्मा ने 11 रन बनाए। वहीं, नमन धीर 23 रन बनाकर नाबाद रहे और विल जैक्स 10 रन बनाकर नाबाद लौटे। लखनऊ के लिए मणिमरन सिद्धार्थ ने दो विकेट झटके, जबकि मोहम्मद शमी और मोहसिन खान को एक-एक विकेट मिले।

इससे पहले, मुंबई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। इस मैच में लखनऊ की बल्लेबाजी शानदार रही। लखनऊ की टीम ने तीसरे ओवर में ही जोस इंग्लिस (13) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद मिचेल मार्श और निकोलस पूरन ने शानदार बल्लेबाजी की। पूरन ने अर्धशतक जड़ने के अलावा सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श के साथ दूसरे विकेट के लिए 94 रन जोड़कर सुपर जाएंट्स को ठोस मंच प्रदान किया। पूरन ने चाहर पर फाइन लेग पर छक्के के साथ सिर्फ 16 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। पूरन हालांकि इसके बाद बॉश की गेंद पर विकेटकीपर रेयान रिकेल्टन को कैच दे बैठे। कॉर्बिन बॉश ने इसी ओवर में मार्श को भी नमन के हाथों कैच कराके सुपर जाएंट्स को दोहरा झटका दिया। निकोलस पूरन ने सबसे ज्यादा 21 गेंदों पर एक चौका और आठ छक्कों की मदद से 63 रन बनाए। वहीं, मिचेल मार्श ने 25 गेंदों पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 44 रन की पारी खेली।

सिनेमा

## 8 साल में टूटी शादी, तलाक के बाद बेटी को अकेले पाल रहे आमिर खान के भांजे, नहीं रखी नैनी, बोले- ये मेरा फर्ज



आमिर खान के भांजे और एक्टर इमरान खान का फिल्मी करियर कुछ खास नहीं रहा. पर्सनल लाइफ में भी उन्होंने काफी उतार चढ़ाव देखे. पत्नी अवंतिका मलिक संग तलाक के बाद वो सिंगल पेरेंट बनकर बेटी की परवरिश कर रहे हैं. अब उन्होंने फादरहुड जर्नी पर बात की है. इमरान खान हाल ही में एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा के पॉडकास्ट में गेस्ट बनकर पहुंचे. इस दौरान उन्होंने फादरहुड जर्नी पर बात की. उन्होंने कहा कि वो इसे एक जिम्मेदारी या काम के बजाय एक सम्मान की तरह देखते हैं. बेटी की परवरिश पर इमरान बोले- मैंने कभी भी पेरेंटिंग को एक ड्यूटी के तौर पर नहीं देखा. मैंने इसे हमेशा प्रिविलेज माना. अपनी बेटी के साथ में जितना भी टाइम स्पेंड करता हूं, वो मैं खुद के लिए चाहता था. पेरेंटिंग किसी रोल को निभाने के नाम नहीं है, बल्कि ये एक ऐसा एक्सपीरियंस है, जो आपको खुशी, प्यार देता है. इमरान खान ने ये भी कहा कि बच्चे की परवरिश करना किसी एक पेरेंट की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि मां और पिता दोनों को मिलकर ही बच्चे की परवरिश करनी चाहिए. इमरान खान का यह भी मानना है कि परिवार की स्थिति चाहे जैसी भी हो, बच्चे की इमोशनल सिक्योरिटी हमेशा टॉप प्रायोरिटी होनी चाहिए.



1. BJP's Suvendu tells how he defeated Mamata, says 'Muslims openly voted for her'
2. What was the biggest margin of victory in West Bengal Assembly elections?
3. Won't change our foreign policy: Bangladesh as BJP wins WB polls
4. Mamata finished, Akhilesh is next: Suvendu as BJP wins WB polls
5. Bengaluru's 9- year-old Japseerat Kaur sets storybook world record

# Gold prices decline as US Hormuz plan, Iran peace talks elevate hopes

**NEW DEIHI, (Agency).** Gold fell, following a second weekly decline, as traders monitored progress toward a US-Iran deal and President Donald Trump's plan to start guiding some ships through the Strait of Hormuz.

Bullion dropped as much as 0.9% and traded around $4,575 an ounce in early European hours on Monday. Trump said in a social media post on Sunday that the US will begin guiding some ships that aren't involved in the Iran conflict out through Hormuz starting Monday. Oil was steady as traders questioned the workability of the plan. Track updates on Iran US war



Trump on Saturday suggested the Islamic Republic's latest peace proposal might not be enough to satisfy him. The conflict has kept energy prices elevated, dimming hopes for interest-rate cuts by central banks, a negative for non-yielding bullion. Gold has lost around 12% since the war began at the end of February.

A stronger dollar and oil-driven inflation fears are prompting a wave of hawkish signals from major central banks, said Manav Modi, commodities analyst at Mumbai-based Motilal Oswal Financial Services Ltd.

Looking ahead, traders will focus on this week's announcement of the US Treasury Department's borrowing plans for the next three months, an array of Federal Reserve speakers and a loaded calendar of economic releases, crowned by monthly employment data. The information should give clues on the trajectory of rates and the US fiscal deficit.

Many market watchers are still positive on the metal's longer-term outlook, supported by buyers who have continued purchases despite recent slumps. The latest data from the producer-funded World Gold Council showed that central banks added gold holdings at the fastest pace in more than a year in the first quarter, while Tether Holdings SA extended a buying streak that's made it the largest known holder of bullion in the world outside of banks and nation states.

Spot gold dipped 0.8% to $4,577.33 an ounce as of 9:09 a.m. in London. Silver fell 1.4%, while platinum and palladium also declined. The Bloomberg Dollar Spot Index, a gauge of the US currency, was flat.

# New grid penalty rules could dent renewable earnings, trigger tariff concerns

**NEW DEIHI, (Agency).** A regulatory effort to keep the national power grid stable and make green power more reliable may wreck the revenues of producers and potentially lead to tariff hikes, industry executives warned. The regulator has proposed steep penalties for companies which are under- or over-producing power, rattling solar and wind power firms dependent on the vagaries of weather. In the power sector, a deviation settlement mechanism (DSM) penalizes producers when what they deliver to discoms



differs from what they promised. The Central Electricity Regulatory Commission (CERC) has set a tolerance band of 10% for wind power and 5% for solar. Essentially, this means a company producing above or below these thresholds is liable to pay steep penalties. Earlier, these bands were more relaxed - 15% for wind and 10% for solar. On 1 March, the CERC also introduced a new formula to make the regime progressively stricter over the next five years, alarming the industry struggling to sign power purchase agreements (PPAs), even as they face generation cuts and distress sales on exchanges.

विदेश जाने को लेकर पत्नी से विवाद हुआ था

# हार्डवेयर कारोबारी ने खुद को गोली मारी, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। हार्डवेयर कारोबारी सुधीर पाटनी पिता राजवीर पाटनी ने अपनी पिस्टल से खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। घटना रविवार रात करीब 12 बजे की है। इससे पहले बच्चों के पास विदेश जाने को लेकर पति-पत्नी में विवाद हुआ था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। वहीं शव का पोस्टमार्टम हो चुका है, लेकिन अंतिम संस्कार बच्चों के विदेश से आने के बाद होगा। 62 वर्षीय पाटनी बॉम्ब हॉस्पिटल के पीछे पॉश टाउनशिप 'शांति निकेतन' में रहते थे। वे शहर के प्रतिष्ठित कारोबारी थे। उनके दोनों बच्चे (बेटा और बेटी) यूएसए में रहते हैं। डीसीपी जोन-2 अमरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि सुधीर पाटनी और उनकी पत्नी के बीच में रात में विवाद हुआ था। इसके बाद पाटनी कमरे में गए और खुद को गोली मार ली।

पुलिस को प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पाटनी की पत्नी आज दोपहर की फ्लाइट से बच्चों के पास विदेश जाने वाली थीं, लेकिन रात में पाटनी ने पत्नी से कहा कि वह विदेश ना जाएं। इस बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि पत्नी लंबे समय से बच्चों के पास विदेश जाने के लिए कह रही थी, लेकिन पाटनी लगातार मना कर रहे थे। जिस वक्त पाटनी ने खुद को गोली मारी, उस समय उनकी पत्नी घर में ही थीं, लेकिन उनसे काफी दूर थीं। जब वे कमरे में पहुंचीं तो पाटनी पड़े हुए थे और उनके सिर से खून वह रहा था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर एमवाय हॉस्पिटल में रखवा दिया है। दरअसल, इंदौर में पाटनी के परिवार का कोई नहीं है। बच्चे भी यूएसए में हैं। बच्चों को घटना की सूचना दे दी गई है। वे आएंगे तब पाटनी का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## मेडिकल संचालक से 50 लाख की धोखाधड़ी




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। संयोगितागंज थाना क्षेत्र में प्लॉट बिक्री के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपी ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर 50 लाख रुपए हड़प लिए। शिकायत की बात होने पर उसने कुछ रुपए वापस कर दिए, लेकिन बाकी रकम देने से इंकार कर दिया। संयोगितागंज पुलिस ने बताया कि मुराई मोहल्ला दवा बाजार निवासी गुछित रघुवंशी मेडिकल दुकान संचालित करते हैं। उनकी शिकायत पर केट रोड निवासी अंजन पिता मदन मोहन श्रीवास्तव के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। फरियादी गुछित ने बताया कि जुलाई 2025 में उन्होंने अंजन से मान सरोवर कॉलोनी के प्लॉट नंबर 283 और 285 का सौदा किया था। अंजन ने इन प्लॉटों को अपना बताकर 1 करोड़ 5 लाख रुपए में सौदा तय किया। इसके बाद उसे 50 लाख रुपए दिए गए। इसमें चेक और नकद दोनों माध्यमों से भुगतान किया गया। अगस्त 2025 में गुछित को पता चला कि अंजन ने जो दस्तावेज दिखाए थे, वे फर्जी थे। उप पंजीयक कार्यालय से प्लॉट के दस्तावेज निकलवाने पर पता चला कि प्लॉट नंबर 283 सुनील कुमार पिता कल्याण मल के नाम पर है। जबकि दूसरे प्लॉट की मालिक मंगला पति उमेश मित्तल हैं। इसके बाद गुछित ने अंजन से रुपए वापस मांगे। इस पर आरोपी ने 15 लाख रुपए ऑनलाइन लौटा दिए, लेकिन बाकी रकम देने से मना कर दिया। गुछित ने बताया कि अंजन को उनके परिचितों ने भी रुपए दिए थे, जिन्हें भी उसने वापस नहीं किए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## निगम के सुलभ शौचालय में कर रहा था नशा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार तेज होती जा रही है। हीरानगर पुलिस द्वारा मोहल्ला समिति की बैठकों के दौरान मिली जानकारी के आधार पर एक अहम कार्रवाई सामने आई है। बैठक के दौरान एक रहवासी ने सार्वजनिक सुलभ शौचालय के अंदर नशा करते हुए एक युवक का वीडियो पुलिस को सौंपा। वीडियो के आधार पर पुलिस ने युवक की पहचान लोकेश बाथम के रूप में की और उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह पवन ठाकुर निवासी छोटी भमोरी से ब्राउन शुगर खरीदता था। पुलिस टीम ने पवन ठाकुर के ठिकाने पर दबिश दी। तलाशी के दौरान उसके पास से 70 से ज्यादा नशे के टोकन बरामद किए गए। पूछताछ में पवन ने स्वीकार किया कि वह लंबे समय से नशा बेचने का काम कर रहा था। टीआई सुशील पटेल के मुताबिक इससे पहले भी नशे के खिलाफ कार्रवाई में कुछ और लोगों के नाम सामने आए थे, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि पवन ठाकुर नशा कहां से लाकर सप्लाई करता था। पुलिस का कहना है कि मोहल्ला समिति की सक्रियता से इस तरह की सूचनाएं मिल रही हैं, जिससे नशे के कारोबार पर लगाम लगाने में मदद मिल रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक